महत्वपूर्ण एवं खास

अलग-अलग थाना क्षेत्र से 18 पाव अंग्रेजी शराब जब्त

रायपुर (आरएनएस)। लाक डाउन के चलते अंग्रेजी शराब दुकानें बंद है जिसके चलते चोरी छिपे मदिरा की तस्करी की जा रही है। मौदहापारा थाने से मिली जानकारी के अनुसार कचहरी चौक स्थित होटल सतलज में छापा मारकर पुलिस ने चोरी छिपे शराब बेचते हुए होटल के मैनेजर कृष्णा रजक आयु 29 वर्ष पिता महेंद्र रजक को नौ पाव अंग्रेजी शराब खुलेआम बेचते हुए गिरफ्तार किया। उक्त मामले में आरोपी के खिलाफ थाने ने आबकारी एक्ट 34-1 के तहत मामला कायम किया है। वहीं टिकरापारा क्षेत्र से मिली जानकारी के अनुसार दिलीप धनगर पिता तेजराम धनगर आयु 25 वर्ष निवासी सतनामी पारा बोरियाखुर्द से 9 पाव अंग्रेजी शराब जब्त की है। आरोपी को घटनास्थल से गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ थाने ने आबकारी एक्ट की धारा 34-1 के तहत मामला कायम किया है। दोनों ही मामलों में संबंधित थानों को कुल 18 पाव अंग्रेजी शराब जब्त करने में सफलता मिली है।

बीड़ी मांगने के विवाद पर युवक को चाकू मारा मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। लाक डाउन के बावजूद भी पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में आपराधिक तत्वों के हौसले अभी तक नहीं टूटे हैं। मिली जानकारी के अनुसार राजेश नरेश आयु 38 वर्ष पिता वेदराम लहरे निवासी शीतला चौक भाठागांव को आरोपी विष्णु यादव 15 वर्ष पिता राजेंद्र यादव द्वारा बीड़ी मांगा गया। 17 वर्षीय बादल लहरे एवं राजेश लहरे द्वारा बीड़ी मांगने पर मना करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी के पेट में चाकू मारकर सांघातिक हमला किया गया। उक्त मामले में आरोपी के खिलाफ आरोपियों के खिलाफ थाने ने आईपीसी की धारा 307 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

18 वें कलेक्टर ने 18 घण्टे के भीतर 4 लाख की राहत राशि स्वीकृत

कांकेर (आरएनएस)। जिले के भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम पिच्चेकट्टा निवासी 40 वर्षीय अजय सोनवानी की बीती रात सर्प कांटने से मृत्यु हो गई थी। भानुप्रतापपुर एसडीएम के प्रतिवेदन पर उक्त प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए कलेक्टर के.एल.चौहान ने मृतक के निकटतम वारिस उनकी पत्नी श्रीमती यशोदा सोनवानी के लिये 04 लाख रुपए की राहत राशि स्वीकृत किया है। कलेक्टर के एल चौहान इन मामलों में अधिक संवेदनशील हैं, इस प्रकरण में एक संयोग के बारे में कर्मचारियों ने बताया कि श्री चौहान जिले के 18 वें कलेक्टर है और संयोगवश आज इस प्रकरण को भी 18 घण्टों में ही स्वीकृति दी गई है। सर्पदंश से मृत्यु के प्रकरण में कांकेर कलेक्टर के.एल.चौहान ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मृतक के परिजन को एक दिन के भीतर राहत राशि स्वीकृत कर अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया।

बाइक सवार 1 युवक पेड़ से टकराकर गंभीर

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के थाना क्षेत्र गंगालूर मार्ग पर पामलवाया और नया पुलिस लाइन के बीच बाइक सवार राकेश मोडियम/आयतु मोडियम ग्राम-चेरकंटी नदीपारा चेरपाल,जिला-बीजापुर निवासी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर गंभीर रूप से घायल युवक बेहोशी की हालत में मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल युवक राकेश मोडियम/आयतु मोडियम ग्राम-चेरकंटी नदीपारा चेरपाल, जिला-बीजापुर निवासी के रूप में उसके पास से मिले आधार कार्ड से नाम-पता की पहचान हो सकी। इसकी सूचना स्थानिय प्रत्यक्षदर्शियों ने बीजापुर थाना को दी थाना प्रभारी टीआई चन्द्रशेखर बारिक ने तत्काल पेट्रोलिंग पुलिस गाडी के साथ स्वयं आकर घायल युवक जो कि बेहोशी की अवस्था में था, उसे अपनी गाड़ी से जिला चिकित्सालय पहुंचाकर उपचार के लिए भर्ती करवाया।

कटघोरा बना छत्तीसगढ़ का कोरोना हाट स्पार्टः 7 लोग फिर मिले कोरोना पाजेटिव

कोरबा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में कोरोना से जुड़ी एक बड़ी खबर आई हैं कोरोना के 7 नये केस सामने आये हैं। सभी संक्रमित मरीज कटघोरा के हैं।

छत्तीसगढ़ में कुछ संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर अब 9 हो गयी है। इससे पहले छत्तीसगढ़ में एक कोरोना का एक और मरीज देर रात कटघोरा से ही मिला था। जिसके बाद बाद उस मरीज के संपर्क में आये अन्य लोगों के सैंपल भी स्वास्थ्य विभाग ने जांच के लिए भेजा था।

खबर के मुताबिक 7 नये केस आने के बाद कोरबा में

हड़कंप मच गया है। जिन लोगों के कोरोना पाजेटिव रिपोर्ट आयी है, उनमें 5 पुरुष और 2 महिला शामिल हैं। छत्तीसगढ़ में अभी जितने भी कोरोना पाजेटिव केस हैं, वो सभी के सभी छत्तीसगढ़ के ही है।

गौरतलब हो कि छत्तीसगढ़ के कोरोबा का कटघोरा इलाके में जिन-जिन लोगों का पाजेटिव रिपोर्ट आयी है, उन सभी का वास्ता एक सभी खास समुदाय से हैं।

कटघोरा को किया गया सील- टीएस बाबा - इस बारे में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव ने कहा कि कोरबा जिले के कटघोरा में लगातार कोरोना पाजेटीव मरीजों के मिलने के बाद नगर को पूरी तरह से सील कर दिया गया है और और संक्रमित से जुड़े हुए सभी लोगों को क़्वारनटिन में भेजा गया है ।

कटघोरा के प्रभावित क्षेत्र के हर व्यक्ति का टेस्ट होगा

राज्य के कोरबा जिले के कटघोरा में एक साथ 7 पॉजिटिव कोरोना वायरस पीड़ित मिलने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव और कलेक्टर को कटघोरा के प्रभावित क्षेत्र को सीलबंद करने और वहां के हर व्यक्ति का टेस्ट कराने का निर्देश दिया है । कटघोरा के लिए उन्होंने एक विशेष टीम बनाने के भी निर्देश दिए जो पूर्णतः कटघोरा के लिए ही समर्पित रहेगी। उन्होंने कहा कि कटघोरा के प्रभावित क्षेत्र में पिछले 20 दिनों में आनेजाने वाले और उनसे संपर्क रखने वाले सभी व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें क्वारंटाइन किया जाये।

लॉकडाउन के कारण फंसे राशनकार्डधारियों को बड़ी राहतः अपने निकटतम दुकान से ले सकेंगे राशन

» राज्य सरकार के खाद्य विभाग ने जारी किया आदेश

रायपुर (आरएनएस)। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए लॉकडाउन के दौरान छत्तीसगढ़ के जिलों के राशनकार्डधारी परिवार किसी अन्य जिले में रूके हों या जिले के ही किसी अन्य शहरों या ग्रामों में रूके हों तो उन्हें निकटतम उचित मूल्य की दुकानों से राशन सामग्री उठाने की सुविधा दी गई है। ऐसे राशनकार्डधारी परिवार वर्तमान में निवासरत स्थान से निकटतम दूरी में स्थित उचित मूल्य की दुकानों से राशन सामग्री प्राप्त कर सकते हैं। खाद्य विभाग द्वारा आज मंत्रालय महानदी भवन से प्रदेश के सभी कलेक्टरों को पत्र भेजकर इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया है।

खाद्य विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार प्रदेश के कोर पीडीएस वाले उचित मूल्य की दुकानों में आधार प्रमाणिकरण के माध्यम से पोर्टबलिटी का प्रावधान किया है। शेष कम्प्यूटरीकृत उचित मूल्य की दुकानों से खाद्यान्न वितरण के लिए विभागीय वेबसाइट के कोर पीडीएस खाद्य निरीक्षक माड्यूल में ऐसे राशनकार्ड धारियों के संबंध में डेटा एण्ट्री का प्रावधान किया गया है।

ऐसे राशनकार्ड धारियों को जिस उचित मूल्य के दुकान से खाद्यान्न प्रदान किया जाना है उस दुकान के संबंधित खाद्य निरीक्षक द्वारा संबंधित हितग्राही का राशनकार्ड नम्बर दर्ज करके खाद्यान्न वितरण करने वाले उचित मूल्य की दुकान की आईडी का चयन किया जाएगा।

जुआरियों के कब्जे से नगदी रकम एवं 52 पत्ती ताश बरामद

धमतरी (आरएनएस)। कोरोना वायरस जहां एक वैश्विक महामारी के रूप में अपने पैर पसार रहा है, वहीं कुछ असामाजिक तत्व के लोग बार-बार समझाइश देने के बाद भी अवैधानिक कृत्यों से बाज नहीं आ रहे हैं, ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक महोदय बी.पी. राजभानु के द्वारा वैधानिक कार्यवाही हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी परिपेक्ष में मंगलवार को थाना कुरूद अंतर्गत ग्राम छाती में पुराना शराब भट्टी के पास कुछ व्यक्तियों द्वारा जुआ खेलने की सूचना मिलने पर उक्त सूचना की तस्दीकी एवं वैधानिक कार्यवाही हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कुरूद रश्मिकांत मिश्र के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुरूद विपिन लकड़ा के नेतृत्व में कुरूद पुलिस टीम के द्वारा रेड कार्यवाही करने पर ग्राम छाती के पुरानी शराब भट्टी के पास 08 जुआरियान शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी आदेशों की अवहेलना कर मानव जीवन व उसके स्वास्थ्य के प्रति संकट कारित करते हुए रंगे हाथ जुआ खेलते पकड़े गए जिनके कब्जे से नगदी रकम एवं 52 पत्ती ताश को गवाहों के समक्ष विधिवत जप्त कर प्रशासन के आदेशों का उल्लंघन करने पर थाना कुरूद में अपराध क्रमांक 178/20 धारा 188 भादवि एवं 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया है। जुआ खेलते हुए रंगे हाथ पकड़े गए जुआरियो में प्रीतम देशलहरे पिता सदानंद देशलहरें, राधेश्याम ढीमर पिता इंद्रकुमार ढीमर, कोमल ढीमर पिता कोदूराम ढीमर, परमेश्वर चतुर्वेदी पिता स्वर्गीय गोवर्धन चतुर्वेदी, दिलीप चंद्राकर पिता भिखारी राम, डिकेश्वर कुमार चतुर्वेदी पिता रतनलाल, नरेश देशलहरे पिता कृष्ण कुमार देशलहरे, राजकुमार बंजारे पिता गैंदलाल बंजारे सभी निवासी ग्राम छाती थाना कुरुद जिला धमतरी को गिरफ्तार किया है।

छत्तीसगढ़ में लॉकडाउन हटेगा या नहीं 12 के बाद होगा निर्णय : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

» 11 को पीएम से होगी वीडियो कान्फ्रेंस

»12 को कैबिनेट के साथ ही आला अफसरों के साथ होगी बैठक

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में लॉकडाउन बढ़ाना है अथवा नहीं इस बात का फैसला 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री से होने वाले वीडियो कान्फ्रेसिंग और इसके बाद मंत्रिमंडल की बैठक के बाद लिया जाएगा।

मुख्मयंत्री भूपेश बघेल ने आज एक वीडियो कान्फ्रेंस में उक्त ऐलान करते हुए कहा कि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 अप्रैल को देश के सभी मुख्यमंत्रियों से वीडियो कान्फ्रेंसिंग कर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने वाले हैं। इस वीडियो कान्फ्रेंस के बाद वे स्वयं अपने मंत्रिमंडल व आल अफसरों के साथ एक बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक में मंत्रिमंडल के सदस्यों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से वे 14 अप्रैल के बाद छत्तीसगढ़ में लॉकडाउन को बढ़ाने अथवा खत्म करने के विषय में चर्चा करने वाले हैं। कैबिनेट सदस्यों व वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त सुझावों पर मंथन होगा और इसके बाद निर्णय लिया जाएगा।

सीएम श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश के हालात और वर्तमान स्थिति पर हर तरीके से चर्चा करेंगे। हमारी तैयारी, क़ानून व्यवस्था, राशन, स्वास्थ्य सुविधाएं जैसे सभी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने, वर्तमान परिस्थितियों का आंकलन करने, प्राप्त परिणामों के विश्लेषण करने, भविष्य में इससे क्या हो सकता है, जैसे सभी विषयों पर गंभीरता से मंथन होगा। इसके बाद ही यह निर्णय लिया जाएगा कि छत्तीसगढ़ में लॉक डाउन आगे बढ़ाया जाएगा अथवा कम किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी संकेत दिया है कि राज्य के ऐसे जिले जहां हालात सामान्य हैं, उन्हें राहत दी जा सकती है। यह सारा निर्णय अब 12 अप्रैल को होने वाले बैठक के बाद ही लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों को पूरी सुविधा देने तथा जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए पूरी तरह से कार्यरत है।

लॉकडाउन के दौरान मातृछाया शिशु भारती में शिशुओं को भी आपसे दान की अपेक्षा

» मानवता के मंदिर में पल रहे समाज से उपेक्षित शिशुओं के पुष्पित.पल्लवित करने में सक्षम व्यक्ति आएं आगे

कोरबा (आरएनएस)। कोरोना वायरस संक्रमण के कारण इन दिनों देश में लॉकडाउन होने के कारण सभी वर्ग के लोग खासकर गरीब तबके के लोग काफी परेशान हैं। लॉकडाउन के कारण कोसाबाड़ी में अनाथ बच्चों के लिए सेवाभारती द्वारा संचालित मातृछाया में 0 से 6 वर्ष के बच्चों का पालन पोषण किया जा रहा है। लॉकडाउन के कारण यह संस्था भी अछूता नहीं है। सामाजिक एवं अन्यान्य कारणों से त्यागे नवजात शिशुओं का पालन पोषण सेवाभारती द्वारा नि स्वार्थ पालन पोषण किया जाता है, जिनकी आयु 0 से 6 वर्ष तक हो, ऐसे



शिशुओं को मातृछाया में स्वीकार किया जाता है। सेवाभारती, कोरबा द्वारा संचालित मातृछाया कोसाबाड़ी कोरबा में इस समय 5 नवजात शिशु एवं 8 अन्य चार वर्ष के भीतर के बच्चे रह रहे हैं। इनका इस दुनिया में केवल आप और हम हैं।

समृद्ध भारत एवं समरस समाज के निर्माण में आपका अमूल्य सहयोग एवं भरपूर सहायता की कामना संस्था द्वारा की गई है। सेवा भारती मातृछाया को दिया गया दान आयकर की धारा 80 जी के अंतर्गत करमुक्त है। आपके सहयोग से इस संस्था का संचालन सुचारू रूप से हो सकेगा। सक्षम व्यक्ति इस संस्था में सहयोग कर पुण्य का भागीदार बन सकता है। आप दान चेकध् ड्राफ्ट ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम सेवा भारती कोरबा के नाम से कर सकते हैं। आप खाद्यान्न सामाग्री भी दान कर सकते हैं। एक माह की आवश्यकता इस प्रकार है। कम से कम एक माह के लिए . फ्ल, आलू, प्याज, टमाटर, इत्यादि हरी सब्जियों की आवश्यकता है। राशन सामग्री में दाल 10 किलोए गेहूं आटा 20 किलो शक्कर. 5 किलो अमूल दूध 20 पैकेट पोहा 10 किलो चना 10 किलोए तेल 5 लीटरए नामक 4 पैकेटए चायपत्ती . 1किलोए बिस्किट .50 पैकेट ए मिक्चर . 2 किलोए दलिया .10 पैकेटए सूजी . 5 पैकेटए सोयाबीन . 2 किलोए वासिंग पावडर.10 किलो, पांच न्यू बोर्न बेबी हेतु सामग्री डायपर 10 पैकेट बिग साइज, सेनेटाइजर 5 पीस लेक्टोजेन दूध पावडर 15पैकेट, प्रति माह। अधिक जानकारी के लिए आप इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। 98931.99844ए 98932.98058। समिति के सदस्यों का कहना है कि अनचाहे बच्चों को कचरे में न फेंकें बल्कि मातृ छाया में दें। ऐसे बच्चों को भी प्रकृति ने जीने का अधिकार दिया है। आईए इस पुनित कार्य में हम भी हाथ बटाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस तरह के दिए गए दान से यशए कीर्तिए समृद्धि के साथ.साथ धन की भी वृद्धि होती है।

सीएम भूपेश से विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने की बात

रायपुर (आरएनएस)। आज वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कोरोना संकट के चलते राज्य के बिगड़े हालात पर मुख्यमंत्री भुपेश बघेल से टेलीफोन पर चर्चा की तथा जन समस्याओं एवं सुविधाओं के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए।

उन्होंने मुख्यमंत्री से चर्चा करते हुए कहा कि दैनिक उपयोग की खाद्य सामग्रियां जैसे नमक, शक्कर, गुड़,दाल, मसाले आदि बस्तर,सरगुजा व जशपुर क्षेत्र की ग्रामीण जनता को नही मिल पा रही है।लॉक डाउन के चलते हॉट बाजार बंद होने से उनके सामने बड़ी संकट की स्थिति निर्मित हो गई है।उनके पास सिर्फ चावल है। राज्य सरकार ग्रामीण जनता तक स्थानीय किराना दुकानों के माध्यम से यह खाद्य सामग्री पहुंचा सकती है।

बृजमोहन ने रायपुर के मेकाहारा को कोरोना छोड़कर अन्य बिमारियों के इलाज के लिए आरक्षित किये जाने का सुझाव दिया। कहा कि मेकाहारा प्रदेश का सर्वसुविधायुक्त अस्पताल हैं यहा प्रदेशभर के लोग कैंसर,हृदय रोग,अस्थि रोग जैसी गंभीर बीमारियों का इलाज कराने आते है ऐसे में कोरोना जांच के लिए किसी अन्य अस्पताल को चिन्हांकित किया जाना बेहतर होगा।

छोटे-छोटे गांवों को मिली नलजल योजना की सौगात

» 2.45 करोड़ रूपए की सात नलजल योजना स्वीकृत

रायपुर (आरएनएस)। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा अब छोटे-छोटे गांवों को भी नलजल योजना की सौगात दी जा रही है। जिसके तहत कांकेर और मुंगेली जिले के सात गांवों में नलजल योजना के लिए 2 करोड़ 45 लाख 79 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार कांकेर जिले के नरहरपुर विकासखंड के भनसुली में 22.63 लाख, नवडबरी में 24.11 लाख तथा डोमपदर में 21.16 लाख और कांकेर विकासखंड के बागाडोर गांव में 29.23 लाख लागत की चार नलजल योजना स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड के धरमपुरा में 49.97 लाख और सेमरसल गांव में 48.71 लाख तथा पथरिया विकासखंड के परसदा गांव में 49.98 लाख रूपए की लागत से तीन नलजल योजना स्वीकृत की गई हैं।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सभी योजनाओं को समय-सीमा में पूर्ण कर योजना का लाभ ग्रामीण जनता को शीघ्र प्रदान कराया जाना सुनिश्चित करें और मैदानी स्तर पर कार्य के दौरान फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करें।

सांसद केटीएस तुलसी ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में दिया 2 लाख रुपये का योगदान

रायपुर (आरएनएस)। कोरोना वायरस के संकट से निपटने के लिए जारी लॉकडाउन के बीच जरुरतमंद लोगो को मदद पहुंच सके ,इसके लिए जनप्रतिनिधि, उद्योगपतियों, विभिन्न संगठनों, कर्मचारियों एवं आम लोगों द्वारा मुख्यमंत्री सहायता कोष में योगदान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद के.टी.एस. तुलसी ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में 2 लाख रुपये जमा किए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस योगदान के लिये सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अत्याचार मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य क्षय में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रकार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को इसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

गरियाबंद वन मण्डल में पांच लाख की अवैध लकड़ी चिरान जब्त

» वन मंत्री अकबर के निर्देशन में विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई

» साढ़े आठ लाख कीमत के ट्रेक्टर तथा ट्राली को राजसात करने सहित दोनों आरोपियों को भेजा जा रहा जेल

रायपुर (आरएनएस)। वन मंत्री मोहम्मद अकबर के निर्देशन में वन विभाग द्वारा आज गरियाबंद वन मंडल के अंतर्गत लगभग 5 लाख रूपए की राशि के अवैध लकड़ी चिरान जब्त किया गया। साथ ही चिरान के अवैध परिवहन वाले ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 04-1576 तथा ट्राली को राजसात करते हुए जिला गरियाबंद के अंतर्गत ग्राम सम्बलपुर निवासी तथा आरोपी कृष्ण कुमार पाण्डेय और दीनदयाल पाण्डेय के खिलाफ वन अधिनियम के तहत आवश्यक कार्यवाही सहित दोनों आरोपियों को 14 दिवस के न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा रहा है।

इस संबंध में गत दिवस 8 अप्रैल को लकड़ी चिरान के अवैध परिवहन की सूचना मिलते ही वन मंत्री अकबर के निर्देशन में विभाग के अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्यवाही के लिए तत्काल रणनीति बनाई गई। साथ ही सर्च वारंट जारी कर उनके मकानों के भी तलाशी की कार्यवाही की गई। इस दौरान चिरान का अवैध परिवहन वाले नए ट्रेक्टर और ट्राली का शासन के पक्ष में राजसात की कार्यवाही की गई। जिसका मूल्य लगभग साढ़े आठ लाख रूपए आंका जा रहा है। साथ ही दोनों आरोपियों के मकान से लगभग पांच लाख रूपए की राशि के अवैध लकड़ी चिरान को भी जब्त कर लिया गया है।

वन मंत्री अकबर द्वारा वन विभाग को वनों की सुरक्षा के लिए हमेशा सजग रहने के लिए निर्देशित किया गया है। इस तारतम्य में उन्होंने आज राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में प्रधान मुख्य वन संरक्षक सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर वनों की सुरक्षा के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में वन विभाग के सचिव जयसिंह म्हस्के, मुख्य वन संरक्षक रायपुर एस.एस.डी. बड़गैया तथा वनमण्डलाधिकारी गरियाबंद मयंक अग्रवाल उपस्थित थे। वन मंत्री अकबर के निर्देशानुसार तथा विभाग के उच्च अधिकारियों के मार्ग-दर्शन में वनमण्डलाधिकारी गरियाबंद अग्रवाल के गठित दल द्वारा गरियाबंद वनमण्डल के अंतर्गत वन परिक्षेत्र परसुली के ग्राम कांटीदादर तथा मैनपुर के बीच उक्त ट्रेक्टर तथा ट्राली को 90 नग साजा और सेन्हा प्रजाति की बल्ली के अवैध परिवहन करते हुए जब्त किया गया। आज ग्राम सम्बलपुर निवासी कृष्ण कुमार पाण्डेय के मकान की उप वनमण्डलाधिकारी राजिम अतुल वास्तव द्वारा नियमानुसार सर्च वारंट जारी कर तलाशी ली गई। पाण्डेय द्वारा अपने घर के विभिन्न स्थानों में ईमारती वनोपज सागौन, साल तथा बीजा का 241 नग चिरान रखा गया था।